Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

स्पर्धा

निबंध लेखन में डिंपल, रंगोली में कीर्तिका को प्रथम स्थान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

कांकेर. रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ एवं पालक सदन शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय द्वारा युवाओं के एचआईवी एड्स जागरुकता में योगदान थीम के तहत विश्व एड्स दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। नोडल अधिकारी प्रो. अजय कुमार पटेल ने बताया कि एचआईवी एड्स के रोकथाम के लिए रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को सचेत किया जा रहा है। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल, विशिष्ट अतिथि शिवदयाल बघेल दुर्गूकोंदल, डॉ. आरपी टंडन, प्रो. सुनील साहू, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. क्षमा ठाकुर की विशेष उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

युवा दिवस सप्ताह पर युवा संवाद व चैनेलाइज़िंग युथ पावर फॉर नेशन बिल्डिंग थीम पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हीना साहू बीए तृतीय वर्ष, आकांक्षा नागदौने बीएससी प्रथम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में डिंपल प्रजापति बीए प्रथम प्रथम और धामेश्वरी दर्रो बीएससी प्रथम व जानकी पडौटी बीए तृतीय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कीर्तिका साहू प्रथम व हीना साहू बीए तृतीय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह विश्व एड्स दिवस पर एचआईवी एड्स जागरुकता थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता में मीनाक्षी जैन बीएससी प्रथम ने प्रथम व खिलेश्वरी नेताम बीए प्रथम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में चंद्रकली नेताम बीए प्रथम ने प्रथम व भाषिता साहू बीएससी प्रथम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कीर्तिका साहू बीए तृतीय प्रथम व शालिनी नागवंशी बीए सेकेंड द्वितीय स्थान पर रही। नारा लेखन प्रतियोगिता में सुनीता पटेल बीएससी प्रथम ने प्रथम व नुपुर दास बीएससी प्रथम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ऑनलाइन क्वीज प्रतियोगिता में भाषिता साहू बीएससी प्रथम ने प्रथम व अंजू नेताम एमए पूर्व ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गीत गायन प्रतियोगिता में हीना साहू, कीर्तिका साहू व खुशबू साहू को सम्मानित किया गया। नवाचार गतिविधियों में शीतल सलाम, ममता कावड़े, पूर्वी कुंजाम को भी सम्मानित किया किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अजय कुमार पटेल व आभार प्रदर्शन प्रो. सुनील साहू ने किया।

Scanned with CamScanner